रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1427] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 16, 2019/चैत्र 26, 1941
No. 1427] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 16, 2019/CHAITRA 26, 1941

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधायी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 अप्रैल, 2019

का.आ. 1609(अ)—निर्वाचन आयोग ने अपनी कार्यवाही संख्या 464/2019/ईपीएस तारीख 12 मई, 2019 द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 14 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा 17वीं लोक सभा के गठन के लिए लोक सभा के सदस्यों का निर्वाचन करने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अनुरोध करने के लिए अधिसूचना जारी करने की सिफारिश की थी ;

और, निर्वाचन आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचना सं. 1389(अ) तारीख 19 मार्च, 2019 जारी की गई है, और उक्त अधिसूचना में 13 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से, जिनमें अन्य के साथ तमिलनाडु राज्य के 39 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सम्मिलित हैं, निर्वाचन करने का अनुरोध किया गया है ;

और, निर्वाचन आयोग ने उक्त अधिनियम की धारा 56 के साथ पठित धारा 30 के अधीन जारी अधिसूचना संख्या 55(अ) तारीख 19 मार्च, 2019 द्वारा, अन्य बातों के साथ, पूर्वोक्त वर्णित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक अनुसूची नियत की है और उक्त अधिसूचना द्वारा तमिलनाडु राज्य में 18 अप्रैल, 2019 को मतदान कराना नियत किया है ;

और, निर्वाचन आयोग ने अपनी कार्यवाही संख्या 464/ईसीआई/एलईटी/टीईआरआर/ टीएन/एसएस-आई/2019 तारीख 14 अप्रैल, 2019 (इस अधिसूचना के उपाबंध के रूप में प्रति उपाबद्ध) द्वारा सूचित किया है कि आयोग का पूर्णतया समाधान हो गया है कि राजनैतिक दल के कतिपय अभ्यर्थियों और कुछ सदस्यों/कार्यकर्ताओं के विधि विरुद्ध कार्यकलापों के कारण तमिलनाडु में 8 वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चालू निर्वाचन प्रक्रिया गंभीर रूप से दूषित हो गई है और आयोग के मत में

विद्यमान निर्वाचन प्रक्रिया को अग्रसर करने और ऐसे दूषित वातावरण में उक्त निर्वाचन क्षेत्र में 18 अप्रैल, 2019 को, जैसा कि अनुसूचित किया गया है, मतदान संचालित करने से उक्त निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन को गंभीर जोखिम उत्पन्न होगा । तदनुसार, आयोग ने साधारण खंड अधिनियम, 1897 की धारा 21 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन उसमें निहित शक्तियों और इस निमित्त समर्थकारी अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय राष्ट्रपति से सिफारिश की है कि वह निर्वाचन अधिसूचना सं. 1389(अ) तारीख 19 मार्च, 2019 को जहां तक उसका संबंध तमिलनाडु में उक्त निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के लिए सदस्य निर्वाचित करने से है, विखंडित कर दें ;

और, इस संबंध में की गई निर्वाचन आयोग की सिफारिशों पर विचार करते हुए राष्ट्रपति का यह समाधान हो गया है कि अधिसूचना सं. 1389(अ) तारीख 19 मार्च, 2019 को जहां तक उसका संबंध तमिलनाडु में लोक सभा का सदस्य निर्वाचित करने के लिए 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से है, विखंडित कर दिया जाए ;

अत:, अब राष्ट्रपति अधिसूचना सं. 1389(अ) तारीख 19 मार्च, 2019 को, जहां तक उसका संबंध तमिलनाडु में 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा का सदस्य निर्वाचित करने से है, भागत: विखंडित करते हैं और तदनुसार उक्त अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :--

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, "तमिलनाडु" प्रविष्टि के सामने, स्तंभ 2 में, "8-वैल्लोर" प्रविष्टि का लोप किया जाएगा ।

[फा.सं. एच-11024/1/2019-वि. 2]

डॉ. रीटा वशिष्ट, अपर सचिव

उपाबंध

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन

अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001

कार्यवाहियां

विषय : तमिलनाडु के 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन में आयोजित किए जाने के लिए निर्वाचन अनुसूची – के संबंध में ।

16वीं लोक सभा की समयावधि 3 जून, 2019 को समाप्त होनी है और तदनुसार नई लोक सभा के गठन हेतु साधारण निर्वाचन के लिए निर्वाचन समयसूची की घोषणा प्रैस टिप्पण संख्या ईसीआई/पीएन/23/2019 द्वारा 10 मार्च, 2019 को की गई थी । भारत के संविधान का अनुच्छेद 324 स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन संचालित करने के लिए सुसंगत शक्तियां, कर्तव्य और कृत्य भारत निर्वाचन आयोग को सौंपता है, जबकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 14 निर्वाचन अधिसूचित करने का उपबंध करती है ।

2. 97 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सनि), जिसके अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में 39 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं, के लिए साधारण निर्वाचन का अनुरोध माननीय राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचना संख्या एच-11024(1)/2019-वि.2 तारीख 19 मार्च, 2019 द्वारा किया गया है । तमिलनाडु राज्य से लोक सभा के निर्वाचन की समयसूची आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 30 और धारा 56 के अधीन नियत की गई थी । पूर्वोक्त 97 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, जिसके

अंतर्गत तमिलनाडु में 39 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भी हैं, के लिए निर्वाचनों के विभिन्न प्रक्रमों के लिए विभिन्न तारीखें नीचे दिए गए अनुसार हैं :

(क) 19 मार्च, 2019 (मंगलवार), अधिसूचना जारी करने की तारीख ;

(ख) 26 मार्च, 2019 (मंगलवार), नामनिर्देशन फाइल करने की अंतिम तारीख ;

(ग) 27 मार्च, 2019 (बुधवार), नामनिर्देशनों की संवीक्षा करने की तारीख ;

(घ) 29 मार्च, 2019 (शुक्रवार), नाम वापस लेने की अंतिम तारीख ;

(ङ) 18 अप्रैल, 2019 (बृहस्पतिवार), वह तारीख, जिसको मतदान किया जाएगा ;

(च) 23 मई, 2019 (बृहस्पतिवार), मतगणना की तारीख ; और

(छ) 27 मई, 2019 (सोमवार), वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन पूरा किया जाएगा ।

3. आयोग ने तमिलनाडु राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं और इस संबंध में अभ्यर्थियों और राजनैतिक दलों के व्यय, आदर्श आचार संहिता (एम.सी.सी.) को लागू करने के लिए, विधि और व्यवस्था आदि बनाए रखने के लिए व्यापक मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए हैं । निर्वाचनों की घोषणा पर तुरंत संपूर्ण राज्य में किसी एक समय पर 10 मार्च, 2019 को 702 उड़न दस्ता दल (एफएसटी), 234 अचल सर्वेक्षण दल (एसएसटी) और 234 वीडियो सर्वेक्षण दल तैनात करके आदर्श आचार-संहिता लागू की गई थी । राज्य में कुल 2106 एफएसटी और 702 एसएसटी तैनात किए गए थे ।

4. उड़न दस्तों और अचल सर्वेक्षण दलों के वाहनों को जीपीएस समर्थ बनाया गया था, जिससे एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से उनकी प्रास्थिति और संचलन की मानीटरी का सुनिश्चय किया जा सके । सी-वीजिल नामक एक ऐप को भी नागरिकों को नकद, अल्कोहल, ड्रग्स, मुफ्त उपहार के रूप में प्रलोभन, जिन्हें अभ्यर्थियों द्वारा या राजनैतिक दलों के सदस्यों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभित करने के लिए दिया जाता है, की घटनाओं के फोटोग्राफिक/वीडियोग्राफिक साक्ष्य को फाइल करने के लिए भी आरंभ किया गया था । यह ऐप एफएसटी, जो शिकायत ग्रहण करते हैं, की वास्तविक समय में मानीटरी को अनुज्ञात करती है । सी-वीजिल और जीपीएस आधारित मानीटरी यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि शिकायतों को सुनने के लिए इन दलों के संचलन में कोई विलंब न हो, वाहनों की छत पर एक कैमरा भी लगाया गया था ताकि यह मानीटर किया जा सके कि घटना स्थल पर पहुंचने के पश्चात् दल शिकायतों से किस प्रकार निपटते हैं, जिसकी मानीटरी संबंधित डीईओ नियंत्रण कक्ष से की जाती थी ।

5. इसके अतिरिक्त, निवारक उपाय, जिसके अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता के अधीन संपूर्ण राज्य में कार्रवाई का परिणाम 15 व्यक्तियों को आबद्ध करने और 17242 अजमानतीय वारंटों के रूप में हुआ । मतदान से पूर्व और मतदान के दौरान किसी हिंसा को निवारित करने के लिए संदेहास्पद अनुज्ञप्त शस्त्रों को भी जमा किया गया था ।

6. सामान्य प्रक्रम में भारत निर्वाचन आयोग प्रत्येक राज्य, जिसमें निर्वाचन होता है, में प्रति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक व्यय पर्यवेक्षक तैनात करता है । तथापि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने पूर्व अनुभव के आधार पर सम्यक् सावधानी के पश्चात् तमिलनाडु राज्य में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो व्यय पर्यवेक्षकों की सेवाओं की ईप्सा की । तदनुसार, तमिलनाडु में 39 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 78 व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे ।

7. इसके अतिरिक्त आयोग ने राज्य के लिए 19 मार्च, 2019 को यह विचार करते हुए कि संपूर्ण राज्य को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा व्यय संवेदी माना गया था, एक विशेष व्यय पर्यवेक्षक तैनात किया । विशेष पर्यवेक्षक को निर्वाचन तंत्र द्वारा किए जा रहे कार्य का पर्यवेक्षण और मानीटरी करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए की आसूचना इनपुटों के आधार पर और सी-वीजिल तथा वोटर हेल्पलाइन 1950 के माध्यम से सभी व्यक्तियों/अस्तित्वों, जो नकद, शराब और मुफ्त वस्तुओं आदि का मतदान प्रक्रिया को दूषित करने के लिए वितरण करते हैं, के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर कठोर और प्रभावी प्रवर्तनकारी कार्यवाही की जाए, के लिए तैनात किया गया था । भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा था ।

8. आयोग ने निम्नलिखित अतिरिक्त प्रबंध किए :

(क) राज्य में सभी स्ट्रीटों और जंक्शनों पर सीसीटीवी/सर्वेक्षण कैमरा तैनात किए गए थे ताकि वाहनों और अवांछनीय तत्वों के संचलन को रिकार्ड किया जा सके ।

(ख) शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और मतदाता हेल्पलाइन के लिए टोल फ्री नंबर को आरंभ करते हुए नैतिक मतदान पर ध्यान केंद्रित करते हुए और लोगों को मतदाताओं को रिश्वत देने पर दांडिक उपबंधों के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए एक अत्यंत प्रभावी स्वीप अभियान संपूर्ण राज्य में आरंभ किया गया था । जनता, मतदाताओं को घूस देने संबंधी दांडिक उपबंधों के बारे में जागरुक है ।

(ग) सभी जिलों की राज्यशीर्ष आय-कर टीमें जिन्हें धन भंडारण/वितरण की देखभाल की ड्यूटी सौंपी गई थी, उन्हें पुलिस प्राधिकारियों के साथ सघन समन्वय में कार्य करने को कहा गया था ।

(घ) रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों, टैक्सी और आटो स्टेंडों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी निगरानी की जा रही थी ।

9. भारत निर्वाचन आयोग को, टोकन, प्रीपेड फोन रिचार्ज कूपन, समाचार पत्र अभिदाय, दुग्ध टोकन, बैंकों में अस्पष्ट रूप से धन के अंतरण द्वारा और यहां तक मोबाइल फोन धारकों के मोबाइल वालेट में संदाय जैसे नवीकरणीय प्ररूपों में नकद और उपहारों के वितरण द्वारा निर्वाचकों को प्रलोभन देने की संभावनाओं के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं । भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसी कुप्रथाओं के निवारण के लिए एक विस्तृत प्रणाली बनाई है :

(क) बैंककारी चैनलों का उपयोग करने वाले दस लाख रुपए से अधिक के सभी संदेहजनक संव्यवहारों को एफआईयू-आईएनडी द्वारा मानीटर किया जाएगा और सृजित की गई उनकी रिपोर्टें प्रवर्तन अभिकरणों को दी जाएगी ;

(ख) बैंक खातों के माध्यम से छोटी राशियों के संदेहजनक संव्यवहारों की रिपोर्ट आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला प्राधिकारियों को दी जाएगी ;

(ग) राजस्व आसूचना, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसे प्रवर्तन अभिकरणों को ऐसी नकद राशि, शराब और स्वापक ओषधियों के, जिनका मतदाताओं को प्रभावित करने और वातावरण को दूषित करने में उपयोग किया जाता है, नियंत्रण में सहायता देने के लिए सहयोजित किया गया था ;

(घ) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और रेल संरक्षण बल सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को ऐसी किन्हीं वस्तुओं का, जिनका उपयोग मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है, संचलन के दौरान जांच के लिए उनकी भूमिका के संबंध में सुग्राही बनाया गया था;

(ङ) मोबाइल फोन टाप अप के पोस्टपेड प्लान, समाचार पत्र अभिकर्ताओं, दुग्ध विक्रेताओं की, इलैक्ट्रानिक रूप जैसे माध्यमों के दुरुपयोग को रोकने के लिए अन्यथा निगरानी की जा रही थी ;

(च) विक्रय कर (वाणिज्यिक कर) विभाग की टीमों को टोकनों के माध्यम से माल के विक्रय का तत्काल सत्यापन करने हेतु सेवा के लिए तैनात किया गया था ।

10. मतदाताओं को प्रलोभन/घूस देने से संबंधित विभिन्न शिकायतों पर विस्तृत जांचें की गई थीं । धन, उपहार, वस्तुओं के वितरण और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में शिकायतों पर 11 अप्रैल, 2019 तक, व्यय संबंधी अपराध के लिए तमिलनाडु राज्य में 147 प्रथम इत्तिला रिपोर्टें रजिस्ट्रीकृत की गई थीं ।

11. आयोग को, आय-कर विभाग के निर्वाचन व्यय को मानीटर करने वाले नोडल अधिकारी से तारीख 30 मार्च, 2019 को एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी । इस रिपोर्ट के अनुसार श्री दुरई मुरगन, कोषाध्यक्ष, द्रविड़ मुनैत्र कड़गम (डीएमके) के निवास से 19.57 लाख रुपए बरामद किए गए थे जिसमें से 10.57 लाख रुपए का अस्पष्टीकारक धन के रूप में अभिग्रहण किया गया था । इस रिपोर्ट में यह कथन किया गया था कि किंगस्टोन इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बंगलौर के भागों में आय-कर अधिनियम, 1962 की धारा 132 के अधीन तलाशी और अग्रिम अन्वेषण कार्रवाई अभी भी जारी है ।

12. इसके अतिरिक्त, श्री डी.एम.कथीर आनंद, श्री दुरई मुरगन और दुरई मुरगन शिक्षण न्यास के मामलों में तलाशी और अभिग्रहण संबंधी कार्रवाइयों में के निष्कर्षों के संबंध में आय-कर महानिदेशक (अन्वेषण) से तारीख 5 अप्रैल, 2019 को एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी । आयोग को यह सूचित किया गया था कि आय-कर विभाग सहित विभिन्न प्रवर्तन अभिकरणों को श्री दुरई मुरगन, विधान सभा सदस्य और कोषाध्यक्ष, डीएमके पार्टी तथा श्री डी.एम.कथीर आनंद पुत्र श्री दुरई मुरगन और वैल्लोर संसदीय निर्वाचर क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी के निवास स्थान में और दुरई मुरगन शैक्षणिक न्यास द्वारा चलाए जा रहे किंगस्टोन इंजीनियरिंग महाविद्यालय में, जिसके श्री डी.एम.कथीर आनंद, श्रीमती संगीथा पत्नी श्री डी.एम.कथीर आनंद और श्रीमती डी.संथा कुमारी पत्नी श्री दुरई मुरगन न्यासी है, जमा बेहिसाब नकद धनराशि की भारी रकम के संबंध में इनपुट प्राप्त हुए हैं । इस सूचना की पृथक रूप से संचालित स्थानीय जांच के माध्यम से संपुष्टी की गई थी और यह पाया गया कि महाविद्यालय कार्य घंटों के पश्चात् महाविद्यालय परिसर में निर्वाचन से संबंधित कुछ संदेहस्पद गतिविधियां की जा रही हैं ।

13. आय-कर महानिदेशक (अन्वे.) की पूर्वोक्त रिपोर्ट पैरा 11 में निर्दिष्ट आरंभिक रिपोर्ट में कथित तथ्यों पर और व्याख्या करती है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि तलाशी वारंट अभिलेख पर उपलब्ध सूचना के आधार पर जारी किए गए थे और तलाशी दल ने श्री कठीर आनन्द और श्री दुरई मुरूगन के वैल्लोर में आवासीय परिसर में 30.03.2019 को 3.00 बजे पूर्वा. में प्रवेश किया था । 19.57 लाख रुपए पाए गए थे, जिसमें से, निर्वाचन शपथपत्र आदि में घोषित नकदी पर विचार करने के पश्चात् 10.57 लाख रुपए अप्रकटित के रूप में अभिगृहीत किए गए थे । इसके अतिरिक्त, 82 खुली शीटें (कम्प्यूटर प्रिंट आऊट) भी थी, जिनमें वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या और कुल मतदाताओं की संख्या के 100%, 80% और 60% मतदाताओं को वितरण के लिए 500 रुपए प्रति मत और 200 रुपए प्रति मत की दर से अपेक्षित रकम के ब्यौरे अंतर्विष्ट थे । रिपोर्ट यह उल्लेख करती है कि उस भारी भीड़ की उपस्थिति के कारण, जिसने परिसर में प्रवेश किया था और तलाशी दल की किसी अगली गतिविधि को रोका था, 30.03.2019 को 10.50 बजे पूर्वा0 को कार्यवाहियां समाप्त कर दी गई थी ।

14. आय-कर महानिदेशक (अन्वे.), चैन्नई की उक्त रिपोर्ट यह कथन करती है कि किंगस्टन इंजीनियरी महाविद्यालय की 30 मार्च, 2019 को 8.00 बजे पूर्वा. से आगे साथ-साथ तलाशी ली गई थी, चूंकि तलाशी दलों को कन्या छात्रावास में स्त्रियों की उपस्थिति के कारण तात्पर्यित रूप से सुरक्षा कार्मिकों द्वारा प्रात:काल में प्रवेश करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया गया था । तलाशी दल ने यह संप्रेषण किया कि स्पष्ट रूप से वहां परिसर की पहले से ही छानबीन की गई थी और सी.सी.टी.वी. के नियंत्रण पैनल और कम्प्यूटरों के हार्ड डिस्कों सहित सामग्रियों को हटाया गया था । इसके अतिरिक्त, गंभीर निगरानी से इस बात की पुष्टि हुई कि नकदी की बड़ी रकम और अन्य अभिशंसी सामग्री वास्तव में तब महाविद्यालय परिसर से हटवा दी गई थी, जब दलों को प्रवेश किए जाने से मना किया जा रहा था ।

15. इसके अतिरिक्त, आय-कर महानिदेशक की रिपोर्ट के अनुसार, विवेकशील निगरानी के दौरान एकत्रित की गई आसूचना के आधार पर, अभ्यर्थी श्री कठीर आनन्द के निकट सहयोगियों और उनके नातेदारों के कतिपय परिसरों की पहचान की गई थी और आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के अधीन काटापाडी तालुक, वैल्लोर जिले में 01.04.2019 को नए सिरे से तलाशियां आरंभ की गई थी । श्री दामोदरन, जो श्री श्रीनिवासन, डीएमके कार्यकर्ता का ब्रदर-इन-ला है, के निवास से डिब्बों, बोरों, प्लास्टिक थैलों आदि में रखे गए कुल 11.18 करोड़ रुपए की नकदी पाई गई थी । थेलों में पाई गई नकदी को प्लास्टिक के पैकेटों में और पैक किया गया था, जिन पर कम्प्यूटर जनित लेबल चिपकाए हुए थे । इन लेबलों में सभा निर्वाचन क्षेत्रो (वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में) के नाम, ब्लाकों के नाम और संख्या, वार्डों के नाम और संख्या, मतदाताओं की कुल संख्या और 200 रुपए प्रति मत की दर से राशि अंतर्विष्ट है । प्लास्टिक पैकेटों में नकदी की कुल रकम का मिलान लेवल पर लिखी गई रकम के साथ किया गया था । पाई गई अधिकांश करेंसी 200 रुपए के अंकित मूल्य की थी । केवल 99 लाख रुपए की रकम 2000 रुपए और 500 रुपए के अंकित मूल्य की थी और यह रकम वितरण के लिए प्लास्टिक पैकेटों में पैक नहीं की गई थी । डिब्बों में पाए गए 200 रुपए के अंकित मूल्य के 2.8 करोड़ रुपए के अलावा, लगभग 7.68 करोड़ रुपए की शेष रकम पैक की गई और वितरण के लिए तैयार थी । इसके अतिरिक्त, उपयोग में किए गए लेवल मतदाताओं के वार्डवार विवरण के ब्यौरों सहित खुली शीटें और किंग्स्टन इंजीनियरी महाविद्यालय से सम्बन्धित दस्तावेज पाए गए थे ।

16. रिपोर्ट यह उल्लेख करती है कि श्री श्रीनिवासन उर्फ पूंजोलाय श्रीनिवासन आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 131 के अधीन अभिलिखित अपने कथन में इस पूर्वोक्त नकदी के स्रोत के बारे में कोई अन्य ब्यौरे दिए बिना नकदी को अपने कब्जे में लिए गए पाया गया था । नकदी की मात्रा के सम्बन्ध में भी उसने यह कथन किया है कि यह लगभग 9 करोड़ होगी । उसने आयकर विवरणियां कभी फाइल नहीं की हैं और न ही निर्वाह के अपने स्रोत के बारे में कोई संगत उत्तर दिया है । उसने पाए गए धन का स्रोत भू-संपदा कारबार से बताया है किन्तु वह अपने द्वारा किए गए किसी एक व्यौहार का भी उल्लेख नहीं कर सका और इस प्रकार किसी विश्वसनीय साक्ष्य सहित नकदी के स्रोत को साबित नहीं कर सका । उसने यह भी कथन किया है कि वह कटपार्डी में डीएमके पार्टी का शहरी सचिव था । **उसने अपने कथन में यह भी कहा है कि उसने नकदी के इन पैकेटों को मतदाताओं को वितरित करने के लिए तैयार किया था ।** जब ये तथ्य श्री कठीर आनंद और श्री दुरई मुरुगन के समक्ष लाया गया तो उन्होंने यह स्वीकार किया कि वे पुंजोलाय श्रीनिवासन को डीएमके के पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में जानते थे किन्तु पाई गई नकदी के बारे में जानकारी से इंकार किया था ।

17. श्री श्रीनिवासन का छोटा भतीजा अर्थात् श्री सुरेन्द्र बाबू, पुत्र श्री दामोदरन भी नकदी के पाए जाने के समय परिसर में उपस्थित था किन्तु उसने अपने गृह में नकदी की विद्यमानता के बारे में अनभिज्ञता अभिव्यक्त की थी । आयकर प्राधिकारियों से समक्ष शपथ पर दिए गए अपने कथन में उसने यह कहा है कि उसके चाचा पी. श्रीनिवासन ने सायं 30.03.2019 को उससे घर की चाबी ली थी और श्री श्रीनिवासन के पास 30.03.2019 की रात्रि में नकदी और अन्य कागजात ही थे । श्री सुरेन्द्र बाबू ने यह भी कहा है कि श्री कठीर आनंद के कुछ सहयोगी उससे 30 मार्च और 31 मार्च 2019 को यह पता करने के लिए मिले थे कि श्री श्रीनिवासन ए.के. पुंजोलाय श्री श्रीनिवासन उस स्थान पर आया था । यह, प्रथम दृष्टया, अभ्यर्थी श्री कठीर आनंद और श्री श्रीनिवासन के बीच सम्बन्ध को स्पष्ट करता है ।

18. इसके अतिरिक्त, ऊपर उल्लिखित अभिगृहीत नकदी का स्रोत का अन्वेषण कैनरा बैंक से स्वतंत्र जांच करके और पारिणामिक तलाशी ऑपरेशन करके आयकर विभाग द्वारा किया गया था । इस सम्बन्ध में 12.04.2019 को आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) चेन्नई से यह कथन करते हुए रिपोर्ट प्राप्त हुई थी कि 200 रुपए के अंकित मूल्य की 10.5 करोड़ रुपए रकम (11.48 करोड़ रुपए की अभिगृहीत नकदी में से) नवीनतम गणना मशीनों, जो करेंसी नोटों के क्रम संख्याओं को पकड़ती हैं, का उपयोग करते हुए गिनी गई थी और भारतीय रिजर्व बैंक से यह अनुरोध किया गया था कि वह उस मूल या करेंसी तिजोरी का पता लगाए जिससे ये करेंसी नोट जारी किए गए हैं । यह पाया गया था कि इन करेंसी नोटों को कैनरा बैंक, वेल्लोर शाखा के नकदी तिजोरी से जारी किया गया है । नकदी तिजोरी के प्रबंधक अर्थात् श्री सिंगाराम और श्री विनोद कृषण से इस विषय के बारे में उत्तर मांगा गया था । उन्होंने पत्र तारीख 10.04.2019 द्वारा यह उत्तर दिया है कि यह कैनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, वेल्लोर में श्री एम. दयानिधि, ज्येष्ठ प्रबंधक के कहने पर किया गया था जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने अपनी

आंतरिक शाखा अध्यापेक्षा ली और 200 रुपए के अंकित मूल्य के नोटों के लिए उच्चतर अंकित मूल्य के नोटों का आदान-प्रदान किया। परिणामस्वरुप श्री दयानिधि के निवास की तलाशी ली गई थी और आयकर विभाग द्वारा उसके बयान लिए गए थे। **उसने श्री पुंजोलाय, श्री श्रीनिवासन, डीएमके पार्टी कार्यकर्ता के लिए करेंसी के आदान-प्रदान को सुकर बनाया जाना स्वीकार किया है। उसने यह कहा है कि मार्च, 2019 में नकदी का 3 से 4 किस्तों में आदान-प्रदान किया गया था और कथित प्रयोजन पार्टी के आनुषांगिक खर्चों को पूरा करने के लिए और पार्टी की बैठकों के लिए लाए गए लोगों में वितरण करने के लिए था।** रिपोर्ट करेंसी के उक्त आदान-प्रदान के लिए अनुसरण की गई कार्य प्रणाली को भी स्पष्ट करती है।

19. आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) ने भी निम्नलिखित समापन टिप्पणियां की हैं,

> *"घटनाक्रमों से स्पष्ट है कि 29.03.2019 की सायं से हुए खुलासे से लेकर 01.04.2019 को नकदी की वसूली तक, वह रीति, जिसमें नकदी को पैक किया गया था, नकदी के साथ-साथ पाए गए कागजात और उन सम्बन्धित व्यक्तियों के कथन की हिसाब में न ली गई नकदी वास्तव में किंग्स्टन इंजीनियरी महाविद्यालय और श्री कठीर आनंद और श्री दुरई मुरुगन के निवास में पैक की गई थी और गुप्त रूप से उस अवधि के दौरान, जब निवास में प्रवेश करने से निगरानी टीम को मजबूत विरोध का सामना करना पड़ा था, तब पार्टी कार्यकर्ता के सम्बन्धी के निवास में स्थानांतरित कर दिया गया था और मुख्य व्यक्तियों से सम्बन्धित नकदी तथा नकदी वास्तव में वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आगामी साधारण निर्वाचन, 2019 में मतदाताओं को बांटने के लिए थीं, जहां डीएम कठीर आनंद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी हैं। नकदी का पैक न किया गया भाग और प्रयोग न किए गए ऐसे लेवल, जिन्हें अभिगृहीत भी किया गया था, स्पष्टतया यह उपदर्शित करते हैं कि अभ्यर्थी उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सभी लक्ष्य मतदाताओं को लुभाने के लिए तैयारी कर रहा था।"*

20. आयकर प्राधिकारियों द्वारा तलाशी और अभिग्रहण कार्रवाई के ऊपर उल्लिखित निष्कर्षों को चेन्नई में अन्वेषण निदेशालय द्वारा वेल्लोर के डीईओ और पुलिस अधीक्षक को संसूचित किया गया था और तद्नुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125क(1), भारतीय दंड संहिता की धारा 171ङ और धारा 171ख(2) के अधीन 10 अप्रैल, 2019 को काटापार्डी पुलिस थाने में जिला प्रशासन द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट मामला सं. 205/2019 तीन नामित अभियुक्तों अर्थात् श्री डीएम कठीर आनंद, श्री श्रीनिवासन उर्फ पुंजोलाय श्रीनिवासन और श्री दामोदरन के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

21. अभ्यर्थी डीएम कठीर आनंद ने अभ्यावेदन तारीख 07.04.2019 फाइल किया है जो 10.04.19 को आयोग में प्राप्त किया गया था और जिसमें आयोग से आयकर की रिपोर्ट पर कार्रवाई न करने के लिए अनुरोध किया गया था, यदि यह सत्य के विरुद्ध है और आयकर विभाग से निष्पक्ष, अपक्षपाती और तटस्थ होने के लिए कहा गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने श्री कठीर आनंद के अभ्यावेदन पर पहले ही विचार कर लिया है और निम्नलिखित सिफारिश की है, "*आयकर विभाग की रिपोर्ट और फाइल की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट अभ्यर्थी और उसके सहयोगियों द्वारा किए गए कतिपय विनिर्दिष्ट गलत कार्यों को प्रकट करती है। अभ्यर्थी ने आयकर विभाग की रिपोर्टों का विरोध किया है, मेरे विचार से व्यय संपरीक्षकों की स्वतंत्र रिपोर्ट को भी इस विषय पर विनिश्चय करने के लिए आयोग द्वारा मंगवाया जा सकता है, क्योंकि किसी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाना चाहिए।*"

22. व्यय संपरीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट तारीख 07.04.2019 द्वारा यह कथन किया है कि नकदी को अन्तर्विष्ट करने वाले लिफाफों में वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के वेनियाम वार्डी और केवी कप्पम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के वार्डवार ब्यौरे थे। उन्होंने यह कथन किया है कि जब यह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में छह खंडों में से दो खंडों से सम्बन्धित है तो वे यह अभिनिश्चित करने की स्थिति में नहीं हैं कि क्या कुछ वैसा ही दूसरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में भी वैसा ही नहीं हुआ है। यह और कथन किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया में नकदी का प्रभाव दृश्यमान है और निष्पक्ष और निर्वाचन में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

23. तमिलनाडु के लिए विशेष व्यय संपरीक्षक ने रिपोर्ट तारीख 08.04.2019 वेल्लोर में आयकर विभाग द्वारा किए गए तलाशी और अभिग्रहण ऑपरेशनों के बारे में फाइल की है। यह भी कहा गया है कि तलाशियों में प्रलोभनों के माध्यम से मतदाताओं के प्रभावित करने के लिए क्रमबद्ध अभिकल्पनाओं का पता लगाया गया है। ये क्रियाकलाप लोक प्रतिनिधित्व

अधिनियम, 1951 की धारा 123 के अनुसार "भ्रष्ट आचरण" की परिधि के अन्तर्गत आते हैं। विशेष व्यय संपरीक्षक की यह राय है कि निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन के लिए यह स्थिति अनुकूल नहीं है।

24. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, तमिलनाडु ने पत्र संख्या 4636/ईएलई.X/2019-12 तारीख 12 अप्रैल, 2019 के माध्यम से अपनी अंतिम रिपोर्ट फाइल की है, जिसमें उन्होंने नीचे दिए अनुसार कथन किया है :

"कंप्यूटर प्रिंट आउट के रूप में साक्ष्य, जिनमें प्रस्तावित सभा निर्वाचन क्षेत्र खंड, वार्ड और बूथवार धन वितरण के ब्यौरे हैं, के साथ 11.48 करोड़ रुपए की नकद जब्ती से संपूर्ण वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निर्वाचकों को लुभाने के लिए एक स्पष्ट पैटर्न और डिजाइन उपदर्शित होता है, जो कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के सिद्धांत के विरुद्ध है। यह मतदाताओं को लुभाने का एक संगठित तरीका है अत: इससे निर्वाचन पर्यावरण संदूषित होता है, जो कि इस समय वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोभ मुक्त नैतिक निर्वाचन संचालित करने के लिए सही समय नहीं है"।

25. आयोग ने उक्त निर्वाचन क्षेत्र में विद्यमान संपूर्ण स्थिति का सावधानी से विश्लेषण और जांच की है। तथ्यों से और अभिलेख पर रखे गए साक्ष्य से यह स्पष्ट है, जो ऊपर दिए गए हैं कि अभ्यर्थी, राजनैतिक दल और उनके सहभागियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने और प्रलोभित करने के लिए धन का बड़े पैमाने पर और छिपाकर वितरण किया जा रहा है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता दूषित होती है और इससे वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समान स्तर पर मतदान विचलित होता है।

26. यह नोट किया जा सकता है कि निर्वाचन विधि निर्वाचनों के दौरान 'रिश्वत' के कृत्य को बहुत गंभीरता से लेती है और ऐसे कृत्यों में संलिप्त को विधि के अधीन गंभीर दंड दिया जाता है। किसी व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार को संदूषित करने के उद्देश्य के साथ निर्वाचनों के दौरान रिश्वत देना या ऐसे प्रतिफल के लिए किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार को संदूषित करने का कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 171ख के अधीन दंडनीय अपराध है और यह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय है। 'रिश्वत' के अपराध के लिए दोषसिद्धि चाहे किसी न्यूनतम जुर्माने के अधिरोपण के रूप में हो, स्वत: सिद्धदोष व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(1) के अधीन न्यूनतम छह वर्ष की अवधि के लिए निरर्हित करती है। इसके अतिरिक्त, निर्वाचनों में इस प्रकार की 'रिश्वत', लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(1) के अधीन एक भ्रष्ट व्यवहार भी है, जिसके परिणामस्वरूप चुने गए अभ्यर्थी के निर्वाचन को शून्य घोषित किया जा सकता है और ऐसे भ्रष्ट व्यवहार को किए जाने के लिए अपराधी पाए गए अभ्यर्थी को आयोग की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा छह वर्ष की आगे और अवधि के लिए निरर्हित भी किया जा सकता है। विधि में 'रिश्वत' को एक निर्वाचन संबंधी अपराध और साथ ही भ्रष्ट व्यवहार बनाए जाने संबंधी उपरोक्त उपबंधों को इस अभिव्यक्त उद्देश्य के साथ सम्मिलित किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को सुनिश्चित किया जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को अत्यधिक उच्च दर्जा प्रदान किया गया है, यहां तक कि उसे मतपत्रों की गोपनीयता से भी ऊपर रखा गया है जिसे लोकतांत्रिक निर्वाचनों में अति पवित्र समझा जाता है। यह उल्लेख करना उचित है कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के लिए राज्य सभा के निर्वाचनों में, जहां प्राय: यह आरोप लगाए जाते थे कि इन निर्वाचनों के निर्वाचकों को, उनका मत प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन और लालच दिए जा रहे थे, मतदान प्रणाली को भी वर्ष 2003 में संशोधित किया गया है, जिससे 'खुले मतदान' के लिए उपबंध किया जा सके। माननीय उच्चतम न्यायालय ने, जिसके समक्ष राज्य सभा के निर्वाचनों में खुले मतदान का उपबंध करने वाली विधि में किए गए उपरोक्त संशोधन को प्रश्नगत किया गया था, **कुलदीप नायर बनाम भारत संघ और अन्य** [एआईआर 2006 एससी 3127] के मामले में यह संप्रेक्षण किया था कि यद्यपि मतपत्र की

गोपनीयता और निर्वाचनों की शुद्धता को सामान्यता साथ-साथ विद्यमान होना चाहिए, फिर भी स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए निर्वाचन की शुद्धता के सिद्धांत को मत की गोपनीयता के सिद्धांत पर तरजीह दी जानी चाहिए। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व में भी, **रघबीर सिंह गिल बनाम गुरचरन सिंह टोहरा** [एआईआर 1980 एससी 1362] के मामले में भी स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य को सुनिश्चित करने के लिए एक बृहत्तर लोकहित, अर्थात् निर्वाचन की शुद्धता के सिद्धांत के संबंध में इसी प्रकार के संप्रेक्षण किए गए थे।

27. इस तथ्य को नोट करना अनिवार्य है कि भारतीय दंड संहिता में 'रिश्वत' के अपराध संबंधित ऊपर उल्लिखित उपबंधों को वर्ष 1920 में सम्मिलित किया गया था और रिश्वत से संबंधित 'भ्रष्ट व्यवहार' का उल्लेख लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में वर्ष 1951 में किया गया था, जब उसे मूल रूप से अधिनियमित किया गया था, जब इन कार्यों को विपथन और अपवाद माना जाता था, जबकि ऊपर उल्लिखित तथ्य और आयोग को प्राप्त रिपोर्टें एक पूर्णत: भिन्न छवि प्रस्तुत करते हैं, जहां उक्त निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे विपथन और अपवाद निर्वाचन अभियान की मुख्य विशेषताएं बन गए हैं।

28. पूर्वोक्त के अतिरिक्त देश की विधि निर्वाचन प्रक्रिया में बड़े धन की भूमिका और प्रभाव का उन्मूलन करने का भी उद्देश्य रखती है। इसलिए, विधि ने निर्वाचन व्ययों, जिन्हें अभ्यर्थी उपगत कर सकते हैं या अपने निर्वाचन के संबंध में प्राधिकृत कर सकते हैं, की सीमा विहित की है। विहित सीमा से अधिक व्यय उपगत करना या प्राधिकृत करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(6) के अधीन भ्रष्ट पद्धति है, ऐसा करने का परिणाम विजयी अभ्यर्थी के निर्वाचन के शून्य होने में और छह वर्ष की अवधि के लिए निरर्हित होने के रूप में हो सकता है। विधि इसके अतिरिक्त प्रत्येक निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के अधीन उसके निर्वाचन व्ययों का सत्य और पृथक् लेखा रखने की भी अपेक्षा करती है और निर्वाचन व्ययों का सत्य और सही लेखा रखने में असफलता से उक्त अधिनियम की धारा 10क के अधीन निरर्हता के रूप में हो सकता है।

29. माननीय उच्चतम न्यायालय ने कंवर लाल गुप्ता बनाम अमरनाथ चावला और अन्य [एआईआर 1975 एस.सी. 308] में पर्यवेक्षण किया है कि 'व्यय को सीमित करने का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में धन के प्रभाव को यथासंभव सीमित करना है'। माननीय उच्चतम न्यायालय ने व्यय को सीमित करने के उपबंध के उद्देश्य के संबंध में यह और पर्यवेक्षण किया है :

> *"यह किसी व्यष्टि या किसी राजनैतिक दल के लिए खुला होगा चाहे वह कितने भी छोटे हों कि वह किसी अन्य व्यष्टि या राजनैतिक दल चाहे अमीर और भली प्रकार वित्तपोषित वे हों, के साथ समानता के आधार पर निर्वाचन लड़ सके और कोई व्यष्टि या राजनैतिक दल बेहतर वित्तीय शक्ति के कारण अन्य पर कोई फायदा लेने में समर्थ नहीं होना चाहिए।"*

30. अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों और उनके अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचकों को धन और अन्य उपहार मदों का वितरण, निर्वाचन संबंधी अपराधों और 'रिश्वत' से संबंधित भ्रष्ट आचरण से संबंधित विधि के हितकारी उपबंधों को असफल बनाता है। यह निर्वाचन व्ययों की सीमाओं को विहित करने से संबंधित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123(6) के अधीन "भ्रष्ट आचरण" और उक्त अधिनियम की धारा 77 और धारा 10क के अधीन अभ्यर्थियों से उनके निर्वाचन व्ययों के सत्य और सही लेखाओं को बनाए रखने की अपेक्षा से संबंधित उपबंधों का भी उल्लंघन करता है, क्योंकि वस्तुत: निर्वाचकों को अविधिपूर्ण रूप से उपहार और रिश्वत दिए जाने संबंधी व्यय को छिपाया जाएगा और अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन संबंधी व्यय के लेखा में उसे उपदर्शित नहीं किया जाएगा। माननीय उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे को मान्यता प्रदान की थी और उस संबंध में **अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम माधव राव किन्हलकर** [(2014) 7 एससीसी 99] के मामले में निम्नलिखित शब्दों में अपना क्षोभ व्यक्त किया था :

"53. यह एक सामान्य जानकारी है जैसा कि प्रेस और मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित हुआ है कि आजकल लोक निर्वाचनों में निर्वाचक क्षेत्रों को नकद का संदाय प्रबल हुआ है और निर्वाचन आयोग ने यह पाया है कि ऐसे संकट को नियंत्रण में करना अत्यन्त कठिन है। निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के कार्य और व्यवहार में विधि की अपेक्षाओं के प्रति सजग रहना विशेष रूप से धारा 77 के प्रति कोई सत्यता नहीं है और उपगत हो रहे निर्वाचन व्यय पर आरोपित प्रतिबंधों के उल्लघंन का हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में मतों को भ्रष्ट साधनों अर्थात् मतों को क्रय करके उनके पक्ष में प्राप्त किया जा सके, इसलिए यह न्यायालय अंधदृष्टि (नेल्सन दृष्टि) नहीं रख सकता और उल्लिखित करता है कि धारा 77(1) और (3) और 78, अधिनियम की धारा 123(6) के अधीन केवल भ्रष्ट आचरण को सुनिश्चित करने के लिए सुसंगत है और यह कि उपगत हो रहे वास्तविक और सही व्यय की ऐसी अपेक्षाएं निर्वाचन आयोग के लिए उस समय आवश्यक नहीं हैं जब कि वह अधिनियम की धारा 10क के अधीन शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो। वास्तव में धारा 77(3) के अधीन अपेक्षाओं को सुनिश्चित करना अर्थात् उपगत हुए व्यय विहित सीमा का उल्लंघन नहीं करते और निर्वाचन को अवैध बनाने के प्रयोजन के लिए भ्रष्ट आचरण के रूप में अभ्यर्थी द्वारा सीमा का उल्लंघन, दोनों को धारा 10 के अधीन जांच के प्रयोजन के लिए बनाया जा सकता है। इसलिए धारा 77(3) के अधीन की अपेक्षा ने पूर्ण किए जाने वाले दोहरे उद्देश्यों को पूर्ण किया है"।

31. जैसा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने टी.एन.शेषन बनाम भारत संघ [1995(4) एससीसी 611] के वाद में निम्न प्रकार से संप्रेक्षित किया कि :

"प्रजातंत्र हमारी सांविधानिक व्यवस्था की आधारभूत विशेषता होने के कारण, इस बारे में दो राय नहीं हो सकती कि हमारे विधायी निकायों के स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन देश में स्वस्थ प्रजातंत्र की वृद्धि की गारंटी देंगे। निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को सुनिश्चित करने के लिए हमारे संविधान निर्माताओं का यह विचार था कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का उत्तरादायित्व एक स्वतंत्र निकाय को सौंपा जाना चाहिए जो कि राजनीतिक और/या कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त हो।"

32. निर्वाचनों की शुचिता के उपरोक्त सिद्धांतों के प्रकाश में अवलोकित करते हुए और धन की शक्ति के घातक प्रभाव से निर्वाचनों को बचाने के लिए जिससे संविधान के अधीन निरूपित निर्वाचनों की पवित्रता बनी रहे और जैसा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित किया है, आयोग के भाग पर यह अनिवार्य हो जाता है कि निर्वाचन प्रक्रियाओं की पवित्रता और उपरोक्त सिद्धांतों को आयोग द्वारा हर कीमत पर बनाए रखना और संरक्षित करने को सुनिश्चित करना आवश्यक है। निर्वाचन आयोग के गठन का प्रमुख उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन एक निष्पक्ष सांविधानिक प्राधिकारी है जिससे संसदीय और राज्य विधायिकाओं के निर्वाचन को स्वतंत्र और निष्पक्ष रीति से सुनिश्चित कराया जाए, जहां निर्वाचनों की शुचिता उच्चतम प्राथमिकता को प्राप्त करती है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने **मोहिन्दर सिंह गिल बनाम मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य** [(1978) 1 एससीसी 405] के वाद में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में विशेष चिंता व्यक्त की और यह संप्रेक्षित किया कि संविधान का अनुच्छेद 324 स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन को आगे बढ़ाने के प्रयोजन को क्रियान्वित करने के लिए एक आधान शक्ति है। **मोहिन्दर सिंह गिल बनाम मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सुप्रा),** माननीय उच्चतम न्यायालय ने आगे यह संप्रेक्षित किया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन प्रजातंत्र को सजीवता की आपूर्ति करते हैं। सुविधा की दृष्टि से उससे प्राधिकार लेते हुए उक्त निर्णय के सुसंगत पैरा निम्न रूप से अंकित किए गए हैं :

*"**38.** अनुच्छेद 324, जिसे हमने पहले निरूपित किया है, राष्ट्रीय और राज्य निर्वाचनों के लिए संपूर्ण उत्तरदायित्व को निहित करने वाला एक सर्वांगीण उपबंध है और, इसलिए, कृत्यों के निर्वहन करने के लिए एक आवश्यक शक्ति है।*

40. *[.....] परिस्थितियों की विवशता के अधीन संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र के लिए पुनर्निर्वाचन का आदेश देते हुए निर्वाचनों के संचालन के लिए निदेश दिया जा सकना अनुच्छेद 324 द्वारा संरक्षित है.....बशर्ते यह निर्वाचकों के स्वतंत्र मतादेश का समर्थन करने के लिए वास्तविक रूप से आवश्यक हो और पूर्व चुनाव का रद्द किया जाना इसलिए हुआ क्योंकि यह उस लक्ष्य की प्राप्ति करने में असफल था"।*

92. *[.....] (2)(क) संविधान स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखता है और निर्वाचन आयोग में निर्वाचनों के संचालन के नियंत्रण, निदेश और अधीक्षण का व्यापक उत्तरदायित्व निहित करता है । यह उत्तरदायित्व परिस्थितियों पर निर्भर रहते हुए शक्तियों, कर्तव्यों और प्रशासनिक या अन्य प्रकार के कृत्यों सम्मिलित कर सकेगा ।*

(ख) उसका प्रयोग करने में इसकी सर्वांगीण हैसियत पर कम से कम दो परिसीमाएं रखी गई हैं, पहली, जब संसद या किसी राज्य विधान सभा ने निर्वाचन संबंधी या उसके संबंध में विधिमान्य विधि बनाई है, तो आयोग ऐसे उपबंधों के अनुपालन में, न कि उसके उल्लंघन में कार्य करेगा लेकिन जहां ऐसी विधि मौन है तो प्रकाश्य प्रयोजनों के लिए कार्य करने की शक्ति का आधार अनुच्छेद 324 है जो शीघ्रता के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन करवाने का विच्छेद नहीं करता है। दूसरा, आयोग जहां तक कि उसकी अनुरूपता में, विधि के शासन, सद्भावी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा और प्राकृतिक न्याय के संन्नियमों के लिए भी उत्तरदायी होगा ऐसे कानून संवैधानिक आदेश के अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र अर्थात् निर्वाचन में निष्पक्ष कार्यवाही के रूप में उसकी युक्तियुक्ता और यथार्तता अपेक्षित कर सकेंगे। निष्पक्षता यह देखने की बाध्यता अधिरोपित करती है कि गलत कार्य करने वाला अभ्यर्थी उसके गलत कार्य से अभिलाभ प्राप्त न करे । मामले को संदेह से परे रखने के लिए संपूर्ण पुन: मतदान के लिए आदेश के विनिर्दिष्ट मामले में नैसर्गिक न्याय तथापि, पूर्ण कवच के रूप में नहीं परंतु नमन्य व्यवहार्यता में अनुप्रमाणित और लागू होता है। क्या इसका अनुपालन किया गया है यह अधिकरण के अधिनिर्णय पर छोड़ा जाता है ।

113. *[...] क्योंकि विभिन्न सभा निकायों और राष्ट्रपति तथा उप राष्ट्रपति के पद पर सभी निर्वाचनों का संचालन अनुच्छेद 324 (1) के अधीन निर्वाचन आयोग में निहित होता है, संविधान निर्माताओं ने आयोग को संविधान की रचना के रूप में विभिन्न असंख्य परिस्थितियों में जो कि हमारे ऐसे बृहद लोकतंत्र में समय समय पर उत्पन्न हो सकती है, उसके अधिकारों का प्रयोग करने में, अवशिष्ट शक्तियों के प्रयोग के लिए क्षेत्र छोड़ने में सावधानी बरती है। प्रत्येक आकस्मिकता देखी नहीं जा सकती है या उसका सूक्षमता से पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता इसलिए अनुच्छेद 324 में हानि से बचने के लिए कोई उपाय नहीं है । आयोग को कुछ ऐसी परिस्थितियों से निपटना अपेक्षित है जो अधिनियमित विधियों और नियमों में उपबंधित नहीं की गई है जो अनुच्छेद 327 और 328 में आरंभिक खंड का उद्देश्य प्रतीत होता है जो अनुच्छेद 324 के अधीन शक्तियों को प्रचालित और प्रभावी करता है जब उसकी रिक्त क्षेत्र में युक्तियुक्त आवश्यकता हो ।*

114. *इस प्रकार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्वाचनों के दौरान उत्पन्न किसी परिस्थिति के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त रिपोर्टों पर समुचित आदेश पारित किए हैं और उसके समुचित आदेश पारित करने की शक्ति को मना नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त शक्ति तत्परता के साथ प्रयोग की जाती है"।*

33. पूर्व में, समान परिस्थितियों में, आयोग मई, 2016 में तमिलनाडू विधान सभा के साधारण निर्वाचनों तमिलनाडू के 134-अर्वाकुरिची, 174-तंजावुर सभा निर्वाचन क्षेत्रों और 12 अप्रैल, 2017 को तमिलनाडु में होने वाले उपनिर्वाचनों में 11-डॉ राधाकृष्ण नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन निरस्त करने के लिए बाध्य था । यह जानना प्रासंगिक है कि मार्च, 2012 में होने के लिए निश्चित झारखण्ड विधान सभा के सदस्यों दारा राज्य सभा के दिवाषिर्क निर्वाचन से संबंधित संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया (वास्तविक मतदान के पश्चात्) आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतों के पश्चात् विखंडित कर दी गई थी जिसमें यह दर्शित किया गया था कि कतिपय अभ्यर्थी मतदाताओं को रिश्वत देने में संलग्न थे और यह तथ्य कि निर्वाचन के दिन प्रवर्तन

अभिकरणों द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपये जब्त किए गए जिसके उस निर्वाचन में उपयोग होने का संदेह था। उक्त विखंडन को **जय शंकर पाठक और प्रदीप कुमार बलामुचू विरुद्ध भारत निर्वाचन आयोग** [एआईआर 2012(झारखंण्ड) 58] के मामले में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई जिसमें याचियों ने न केवल भारत निर्वाचन आयोग की अधिकारिता को बल्कि उनके विनिश्चय की उपयुक्ता को भी चुनौती दी। माननीय उच्च न्यायालय ने न केवल निर्वाचन आयोग के विनिश्चय को उचित ठहराया बल्कि उसकी मुक्त और ऋजु निर्वाचनों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम के रूप में प्रशंसा भी की। माननीय उच्च न्यायालय की निम्नलिखित टिप्पणी को वर्णित करना उपयुक्त होगा :

*"**17**. [.....] हमारी यह विचार पूर्वक की गई राय है कि रिट याचियों द्वारा उठाया गया मुद्दा घोर से घोरतम, दुर्लभ से दुर्लभतम मामले के भी निर्वाचन को विखंडित करने के लिए कदम उठाने की निर्वाचन आयोग की शक्ति पर प्रश्न उठता है। क्योकि देश की स्वतंत्रा के पश्चात निर्वाचन आयोग द्वारा उठाया गया बड़े परिणाम वाला एकमात्र कदम है और हमारी राय में यह विनिश्चित पूर्णतः कारण द्वारा समर्थित है तथा, यद्यपि यह प्रयोजन तक सीमित है, किन्तु अकाट्य विश्वासपूर्ण साक्ष्य पर आधारित है, जिससे किसी व्यक्ति को संसद सदस्य की उच्च प्रास्थिति का लाभ उठाने का मौका नहीं देता। यह सत्य है कि कुछ निर्दोष और ईमानदार अभ्यर्थियों को भी भुगतना पड़ेगा, क्योंकि सभी भ्रष्ट नहीं होते, ऐसे ईमानदार व्यक्ति को वृहद लोक हित में अपने अवसर का बलिदान करना चाहिए।*

***19**. [.....] इसलिए वर्तमान मामले में त्वरित कार्रवाई करने तथा स्वयं निर्वाचन अधिसूचना रद्द करने की सिफारिश करने तथा त्वरित ढंग से नए निर्वाचन संचालन के अपने मत में सही था।*

***25**. [.....] यह मानना कि कोई भी दल अपने सदस्य के मत के लिए अवैध प्रतिफल में संलग्न नहीं था, तो भी वास्तविक परिस्थिति में जहां धन की संलिप्तता अत्याधिक थी और जिसमें से कुछ धन आयकर विभाग की सतर्कता इकाई द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अवरुद्ध किया गया और निर्वाचन आयोग ने यह माना कि यह बड़े पैमाने पर खरीद फरोख्त और धन की शक्ति के प्रयोग का घोर मामला था और उसने असाधारण परिस्थिति में असाधारण कदम उठाए तथा जो विधि के किसी सांविधिक उपबंध के विरुद्ध नहीं है और यह कार्रवाई सारवान भौतिक साक्ष्यों पर आधारित है, तब इस समय एम.एस.गिल (ऊपर) के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय से कथन करना उपयुक्त होगा जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि :*

> *"एक बार राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति किए जाने के पश्चात निर्वाचन आयोग बाहरी प्रभावों से अप्रभावित रहता है और इसे तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता जब तक कि इसके पास विद्यमान विधियों के अनुसार निर्वाचनों के संचालन के लिए शक्तियों का विस्तार नहीं, किन्तु जहां वे अनुपस्थित हैं और फिर भी किसी परिस्थिति का मुकाबला करना है तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उसे अपने कृत्यों का प्रयोग करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना नहीं करना है या, परिस्थितियों का सामना करने के लिए शक्तिया प्रदान करने हेतु किसी बाहरी प्राधिकारी की ओर नहीं देखना है। उसे निर्वाचनों के संचालन से संबंधित सभी मामलों में अपनी शक्ति को स्वतंत्र रुप से विधिपूर्वक प्रयोग करना चाहिए और देखना चाहिए कि निर्वाचन की प्रक्रिया मुक्त और ऋतु रीति में उचित ढंग से पूर्ण होनी चाहिए। "शक्ति के अभिव्यक्त सांविधिक अनुदान या निश्चित कर्तव्य के अधिरोपण के साथ, परिसीमा के अभाव में, विवक्षित रूप से उन सभी साधनों को उपयोग करने का प्राधिकार होता है जो सामान्यतः विवक्षित होते हैं और जो कर्तव्य के निर्वहन की शक्ति के प्रयोग के लिए आवश्यक हों..... जो विधि के भाग के रुप में स्पष्ट रूप से उतनी विवक्षित है जितनी की अभिव्यक्त है"*

***26**. इन मामलों में, हमारी यह विचार पूर्वक की गई राय है कि निर्वाचन आयोग ने त्वरित ढंग से मतगणना रोककर तथा मतदान का परिणाम रोककर और अविलम्ब भारत के महामहिम राष्ट्रपति को निर्वाचन अधिसूचना का विखण्डन करने के लिए सिफारिश करके असाधारण कदम उठाकर अपने के अनुरूप कृत्य किया है।*

चूंकि निर्वाचन आयोग की सिफारिशों तथ्यों और उपादानों पर आधारित हैं और यह न्यायालय निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया में सत्यता जानने के लिए साक्ष्य और उपादान के पुनः परीक्षण हेतु अपील न्यायालय नहीं है।

30. *हमारी यह विचार पूर्वक की गई राय है कि जब संपूर्ण निर्वाचन के लिए विनिश्चय किया जाता है और जब यहां इस मामलें में, संपूर्ण निर्वाचन राज्य सभा के केवल दो स्थानों के लिए होता है, और निर्वाचन अधिमानी मत द्वारा होता है तो यह अनावश्यक है कि धन एक अभ्यर्थी को मत देने के लिए संदत्त किया गया है जो निश्चित रुप से ऐसे मतदाता की दूसरी अधिमान्यता, जो कि भ्रष्ट है, भी निर्वाचन को दूषित करती है और इस बारे में कोई भी साक्ष्य संग्रहीत करना कठिन है कि क्या धन प्रथम अधिमान्यता के लिए संदत्त किया गया या द्वितीय अधिमानता के लिए उन विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों में प्रशसनिक विनिश्चिय लेने के लिए निर्वाचन आयोग से तथ्यों का संपूर्णता पर विचार करना अपेक्षित था [.....] इसलिए हमारी विचारपूर्वक की गई राय है कि मामले की वर्तमान तथ्यों और परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग के पास केवल इन अभ्यर्थियों के मत निरस्त करना ही विकल्प नहीं था बल्कि उसके द्वारा निर्वाचन रद्द करने की भावना पूर्णतः यायानुमोद्य थी।"*

34. एन कृस्टप्पू विरुद्ध मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य [ए.आई.आर. 1995 ए.पी.212] के मामले में माननीय आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को जानना अनुपयुक्त न होगा, जहां 163 गोरंटला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए इस आधार पर कि एक राजनैतिक दल का अभ्यर्थी व्यवहृत किया गया और उसे अपना नामांकन पत्र फाइल करने से रोका गया, निर्वाचन विखंडित करने वाले आयोग के आदेश की चुनौती दी गई। माननीय उच्च न्यायालय ने आयोग के आदेशों को उचित ठहराते हुए निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया :

"25. [.....] भारत के संविधान का अनुच्छेद 324(1) निर्वाचन आयोग को अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण की शक्ति प्रदान करता है। निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324 के अधीन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और नियमो के अंतर्गत नहीं आने वाले क्षेत्र में स्वयं अपने अधिकार से कतिपय शक्तियों का प्रयोग करने का हकदार है। इस मामले में प्रत्यर्थी और उसे प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पहले प्रत्यर्थी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 195 की धारा 30 और धारा 153 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन उसमें विहित पूर्ण शक्तियों के प्रयोग में आंध्र प्रदेश राज्य के राज्यपाल को इस बचन के साथ कि निर्वाचन नए सिरे से आरंभ किया जाएगा, निर्वाचन प्रक्रिया के विखंडन की सिफारिश की थी, जहां तक वह 163-गोरंटला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित है।

26. [.....] 163—गोरंटला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया का विखण्डन करने की सिफारिश करने वाली प्रथम प्रत्यर्थी की कार्रवाई किसी विशिष्ट राजनैतिक दल के दृष्टिकोण के संबंध में विविक्त में नहीं देखी जा सकती बल्कि मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार देखी जाएगी। दी गई परिस्थितियों में पहले प्रत्यर्थी ने यह महसूस किया कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता 163-गोरटंला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में गंभीर रूप से दूषित हो गई है और उक्त निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया का पूरा किया जाना अनुज्ञात किया जाएगा तो इससे निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचकों का सही विकल्प उपदर्शित नहीं होगा इसलिए पहले प्रत्यर्थी को किसी दुष्प्रेरण के अधीन नहीं माना जा सकता है जहां तक उसमें 163-गोरंटला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के विखंडन की सिफारिश की है। चूंकि परिस्थितियां उक्त निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया को अनुज्ञात करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं"।

35. आयोग की पूर्वोक्त विधिक और सांविधानिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन की शुद्धता को बनाए रखते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालनों का कर्तव्य सौंपा गया है और वर्तमान मामले की परिस्थितियों और सभी सुसंगत तथ्यों को ध्यान में रखने के पश्चात् आयोग पूर्णतः संतुष्ट है, कि तमिलनाडु के 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान निर्वाचन प्रक्रिया प्रश्नगत राजनीतिक दलों के कुछ सदस्यों/कार्यकर्ताओं और अभ्यर्थी श्री कथीर आनंद की ओर से उपरोक्त अवैधपूर्ण क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुए गंभीर रूप से दूषित हुई है। आयोग की विचारणीय राय में ऐसे दूषित वातावरण में यथा निर्धारित तारीख 18 अप्रैल, 2019 को निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव का संचालन और वर्तमान निर्वाचन प्रक्रिया

को जारी रखने को अनुज्ञात करना उक्त 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा ।

36. आयोग की पूर्वोक्त विधिक और सांविधानिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन की शुद्धता को बनाए रखते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालनों का कर्तव्य सौंपा गया है और तद्नुसार, आयोग साधारण खंड अधिनियम, 1897 की धारा 21 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन और माननीय राष्ट्रपति को इसके लिए समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों के अधीन यह सिफारिश करता है कि वे, **निर्वाचन अधिसूचना संख्या एच.11024(1)/2019-विधायी-2 तारीख 19 मार्च, 2019, जहां तक वह तमिलनाडु के 8-वैल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा सदस्यों को निर्वाचित करने के आग्रह के संबंध में है, वह इसे विखंडित कर सकेंगे ।**

ह/.	ह/.	ह/.
(श्री अशोक लवासा)	(श्री सुनील अरोड़ा)	(श्री सुशील चंद्रा)
निर्वाचन आयुक्त	मुख्य निर्वाचन आयुक्त	निर्वाचन आयुक्त

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 14.04.2019

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Legislative Department)

NOTIFICATION

New Delhi, the 16th April, 2019

S.O. 1609(E).—Whereas the Election Commission vide its Proceedings No. 464/2019/EPS dated 12th March, 2019 had recommended issue of a notification by the President under section 14 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951) (herein referred to as the said Act) calling upon the parliamentary constituencies to elect the members of the House of the People to Constitute the 17th Lok Sabha;

And whereas in pursuance of the recommendations of the Election Commission, a notification No. 1389 (E) dated 19th March, 2019, has been issued by the President calling upon the Parliamentary Constituencies of 13 States/Union territories in the said notification which, *inter-alia,* included the 39 parliamentary constituencies of the State of Tamil Nadu;

And whereas the Election Commission has, inter-alia, fixed the schedule for the above mentioned Constituencies by its notification No. 55 (E) dated 19th March, 2019 issued under section 30 read with section 56 of the said Act and by the said notification, fixed the poll to be taken on 18th April, 2019 in the State of Tamil Nadu;

And whereas the Election Commission vide its proceedings No. 464/ECI/LET/TERR/TN/SS-I/2019 dated 14th April, 2019 (copy annexed as Annexure to this notification), has informed that the commission is fully satisfied that the current electoral process in 8-Vellore parliamentary constituency in Tamil Nadu has been seriously vitiated on account of unlawful activities of certain candidates and some members/workers of the political party and in the

Commission's considered opinion, allowing the current electoral process to proceed and conducting the poll in the said constituency on 18th April, 2019, as scheduled, in such a vitiated atmosphere would severely jeopardize the conduct of free and fair election in said Constituency. Accordingly, the Commission has recommended in exercise of the powers vested in it under article 324 of the Constitution read with section 21 of the General Clauses Act, 1897 and all other powers enabling it in this behalf, to the Hon'ble President that he may be pleased to rescind the election notification No. 1389 (E) dated 19th March, 2019, in so far as it relates to calling upon the said constituency in Tamil Nadu to elect a member to the Lok Sabha;

And whereas on considering the recommendations of the Election Commission, made in this regard, the President is satisfied that the notification No. 1389 (E) dated 19th March, 2019 may, in so far as it relates to calling upon the said 8-Vellore parliamentary constituency in Tamil Nadu to elect a member to the Lok Sabha, be rescinded;

